# राम मंदिर चंदे पर कांग्रेस की नई मुहिम, घर-घर लगाएंगे पोस्टर

- सर्किट हाउस में पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा
- राम मंदिर चढ़ावे और प्रदेश की राजनीति को लेकर साधा निशाना



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार शाम रतलाम प्रवास के दौरान राम मंदिर चढ़ावा संग्रह के मुद्दे पर बड़ा राजनीतिक बयान दिया। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि वह अपने घर पर एक पोस्टर लगाएंगे, जिस पर लिखा होगा- भगवान राम के चढ़ावे में चोरी करने वाले संगठन का घर में प्रवेश वर्जित है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर इसी तरह के पोस्टर लगाकर इस अभियान को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचाएं। उनका कहना था कि यदि हर घर पर ऐसा पोस्टर लगेगा तो यह जनता तक एक मजबूत संदेश पहुंचाएगा और लोग इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह केवल पोस्टर नहीं बल्कि विरोध का प्रतीक होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं का भी उल्लेख किया।

साथ ही आरोप लगाया कि इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए मध्यप्रदेश की राजनीति में अन्य विषयों को उछाला जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को लेकर भी टिप्पणी की। पूर्व मुख्यमंत्री अल्प प्रवास पर रतलाम पहुंचे थे। सर्किट हाउस में उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। जनसंपर्क-जनजागरण अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत, श्रीराम चौधरी, लक्की शुक्ला, कमरुद्दीन कछवाया, पूर्व विधायक पारस सकलेचा, रजनीकांत व्यास, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षद यास्मीन शेरानी, पार्षद नासिर कुरैशी, वहीद शेरानी आदि मौजूद थे।

# झमाझम के साथ मानसून की एंट्री

- आधे घंटे की बारिश में शहर हुआ तरबतर



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** आखिरकार शनिवार को मानसून ने रतलाम जिले में दस्तक दे दी। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं शहर की व्यवस्थाओं की भी हकीकत सामने ला दी। पहली ही तेज बारिश में कई निचले इलाकों और सड़कों पर पानी भर गया, जबकि होमगार्ड कॉलोनी स्थित अंडरब्रिज जलमग्न हो गया। लोगों को पानी के बीच से होकर आवाजाही करनी पड़ी।

शनिवार सुबह से तेज उमस ने लोगों को परेशान कर रखा था। दोपहर करीब एक बजे अचानक मौसम बदला और काले घने बादलों के साथ तेज गर्जना शुरू हुई।

इसके बाद हुई मूसलधार बारिश से कुछ ही मिनटों में शहर की सड़कें पानी से भर गईं। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ समय तक दृश्यता भी काफी कम हो गई।

सबसे ज्यादा परेशानी होमगार्ड कॉलोनी के अंडरब्रिज में हुई, जहां पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को जोखिम उठाकर निकलना पड़ा। पहली ही बारिश में जलनिकासी व्यवस्था चरमराने से नगर निगम और जिला प्रशासन की मानसून पूर्व तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए।

बारिश थमने के बाद कुछ देर तक आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर करीब दो बजे तेज धूप निकलने से उमस और बढ़ गई। शाम करीब चार बजे एक बार फिर मौसम ने करवट ली और बादलों ने सूरज को ढक लिया, जिससे बारिश की संभावना बनी रही। अब किसानों की नजर आने वाले दिनों की बारिश पर टिकी है। यदि मानसून इसी तरह सक्रिय रहा तो खरीफ फसलों की बोवनी में तेजी आने की उम्मीद है, वहीं शहर में जलभराव की समस्या से निपटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगा।

# घर में फंदे पर लटका मिला 19 वर्षीय युवक

**रतलाम।** सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम पाटड़ी में 19 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कृष्णा पिता बापुड़ा मईड़ा (19) निवासी ग्राम पाटड़ी के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे की है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत फांसी लगाने से होना सामने आया है। सरवन पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जगदीश सिंह तोमर कर रहे हैं।

**खेत में पेड़ से लटका मिला शव:** बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम धतुरिया में 30 वर्षीय युवक का शव खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान लालचंद पिता प्रेमलाल मुनिया (30) निवासी ग्राम धतुरिया के रूप में हुई है। घटना 25 जून की रात से 26 जून की सुबह के बीच की बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत फांसी लगाने से होना सामने आया है। बिलपांक पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात पदार्थ खाने से महिला की मौत

**रतलाम/नामली।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचेड़ की एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान पेमाबाई पति श्यामलाल चन्द्रवंशी (35) निवासी ग्राम पंचेड़, थाना नामली के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला की मौत अज्ञात पदार्थ के सेवन से हुई है। नामली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक हीरालाल चंदन कर रहे हैं।

## एक नजर में

### 30 लीटर कच्ची शराब, 300 किलो लहान और 20 पाव देशी शराब जब्त, 4 पर केस



**रतलाम।** जिले के सैलाना वृत्त के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हाथ भट्टी शराब और देशी मदिरा बेचने वालों पर शिकंजा कसा। संयुक्त कार्रवाई में 30 लीटर हाथ भट्टी शराब, 300 किलोग्राम लहान और 20 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त कर चार प्रकरण दर्ज किए गए। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त विकास मंडलोई के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोहर खरे के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार को ग्राम रानीसिंग, लबानीपाड़ा, कबूतरिया फांटा और रावटी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित हाथ भट्टी शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाते हुए मौके से बड़ी मात्रा में शराब और लहान बरामद किया गया। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल चार प्रकरण दर्ज किए हैं। जब्त शराब और लहान की अनुमानित कीमत 38 हजार 140 रुपये बताई गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सचिन भास्करे के साथ आबकारी आरक्षक रामचरण पवार, वरुण चौहान तथा नगर सैनिक नरेंद्र सिंह भाटी भी शामिल रहे।

### आरपीएफ ग्राउंड में किया पौधारोपण



**रतलाम।** आगामी मानसून के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के निर्देशन में आरपीएफ ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भजन लाल मीना ने कहा मानसून के दौरान होने वाली पर्याप्त वर्षा से लगाए गए पौधों के शीघ्र विकसित होने की संभावना रहती है, जिससे भविष्य में हरित आवरण बढ़ेगा और पर्यावरण अधिक स्वच्छ एवं संतुलित बनेगा। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# बाढ़, अतिवृष्टि से निपटने की रखें पूरी तैयारी : कलेक्टर

- ग्राम सभाओं में लोगों को किया जाएगा जागरूक
- कंट्रोल रूम नंबर जारी, जर्जर भवनों, जलभराव व्यवस्था पर विशेष फोकस



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मानसून के दौरान संभावित अतिवृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर मिशा सिंह ने सभी विभागों को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपदा आने का इंतजार नहीं, बल्कि उससे पहले हर स्तर पर तैयारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को संपर्क विहीन हो सकने वाले गांवों की सूची तैयार कर होमगार्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके। साथ ही वैकल्पिक राहत स्थलों की सूची भी तैयार रखने को कहा गया।

बैठक में निर्देश दिए गए कि नदियों, पुलों और पुलियाओं के आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा स्थानीय स्वयंसेवकों की सूची भी तैयार रखी जाए। प्रमुख स्थानों पर चेतावनी संबंधी साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

30 जून को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को बारिश के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। लोगों को बताया जाएगा कि अतिवृष्टि की स्थिति में कुछ क्षेत्रों में आवाजाही अस्थायी रूप से बंद की जा सकती है। सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियों का भौतिक परीक्षण करने और मैदानी कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम ब्रजेन्द्र कुमार रावत, नगर निगम आयुक्त अनिल भाना, डिप्टी कलेक्टर राधा महंत, जिला कमांडेंट होमगार्ड रोशनी बिलवाल, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण कुमार पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**जर्जर भवन दिखे तो करें सूचना:** कलेक्टर ने कहा कि शहर या गांव में यदि कोई ऐसा भवन दिखाई देता है, जिसके बारिश के दौरान गिरने की आशंका हो, तो इसकी सूचना जिला कंट्रोल रूम के फोन नंबर 07412-270416 पर दी जा सकती है। कर्मचारियों के माध्यम से जर्जर भवनों का सर्वे भी कराया जाएगा।

**बाजना के बिना मुंडेर वाले कुएं भी चिन्हित होंगे:** बैठक में बाजना क्षेत्र के बिना मुंडेर वाले खुले कुओं को चिन्हित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जलभराव वाले क्षेत्रों की जानकारी सभी विभागों ने विस्तार से प्रस्तुत की।

**स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश:** स्वास्थ्य विभाग को एंटी स्नेक वेनम, आवश्यक दवाइयों, ओआरएस पैकेट तथा उल्टी-दस्त की दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आशा और डिपो होल्डरों के पास भी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रखने को कहा गया। साथ ही लोगों को खुले जल स्रोतों के बजाय हैंडपंप का पानी पीने की सलाह देने तथा पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कराने के निर्देश दिए गए।

# पल्स पोलियो अभियान : आज 2.12 लाख से अधिक बच्चों को पिलाएंगे दो बूंद जिंदगी की

**रतलाम।** जिले में रविवार 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार जिले में 2 लाख 12 हजार 380 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिलेभर में 1526 पल्स पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें 1182 बी-टाइप तथा 344 सी-टाइप बूथ शामिल हैं। इसके अलावा 74 ट्रांजिट टीमें और 29 मोबाइल टीमें भी तैनात रहेंगी, ताकि यात्रा कर रहे अथवा बूथ तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके।

अभियान की निगरानी के लिए 200 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। वहीं 3052 वैक्सीनेटर, जिनमें एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सीएचओ शामिल हैं, पूरे जिले में सेवाएं देंगे। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को निशुल्क पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने बताया कि पोलियो एक गंभीर और आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी है, लेकिन नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो की खुराक से इससे बचाव पूरी तरह संभव है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे को नियमित टीकाकरण के सभी टीके लग चुके हैं, तब भी पल्स पोलियो की अतिरिक्त खुराक अवश्य पिलानी चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और निशुल्क है।

# भोपाल में सैलाना के वरिष्ठ मीसा बन्दी संघवी सम्मानित



**सैलाना।** नगर के वरिष्ठ मीसा बन्दी 94 वर्षीय शांतिलाल संघवी को भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सम्मानित किया। मूलत: सैलाना निवासी संघवी इन दिनों इन्दौर में निवासरत हैं। वे आपातकाल के दौरान पूरे 19 माह जेल में रहे थे।

मीसा बंधु के नाम से प्रसिद्ध संघवी को अप्रैल के दूसरे सप्ताह में उनके साथ जेल में रहे तपन भौमिक ने खुद इंदौर स्थित उनके निवास पर इस कार्यक्रम का निमंत्रण दिया था। इस आत्मीय मुलाकात में दोनों ने आपातकाल के जेल के दिनों की कठिनाइयों पर चर्चा की थी। 26 जून को राजधानी भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदेश के सभी लोकतंत्र सेनानियों को सरकार के मुखिया यादव ने सम्मानित किया और देश,प्रदेश के नवनिर्माण में इन सभी की भूमिका की जमकर सराहना की। इसी समारोह में संघवी को भी शाल,श्रीफल,और स्मृति चिन्ह से नवाजा गया। संघवी को उनके दोनों पुत्रों प्रवीण,प्रदीप और पौत्र सिध्दार्थ भोपाल ले गए थे।उन्होंने बताया कि समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सोनी, कप्तान सिंह सोलंकी,तपन भौमिक,डॉक्टर महेंद्र सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति मित्र बनने जागरूकता कार्यक्रम, दिलाई शपथ



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम शा.कन्या अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन छात्रावास आनंद कॉलोनी पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा अधिक से अधिक लोगों को 'नशा मुक्ति मित्र' के रूप में पंजीकृत करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला रतलाम के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, समाजसेवी सतीश टाक तथा जिला योग प्रभारी एवं नशा मुक्त भारत अभियान की मास्टर ट्रेनर आशा दुबे ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशा मुक्ति मित्र के रूप में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय, धामनोद,वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धामनोद, शासकीय अनुसूचित जाति कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, धामनोद की बड़ी संस्था में छात्राओं ने नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ ली ।

# सांवरिया सेठ मंदिर में धूमधाम से रचाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह

**जावरा।** शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री शिवशक्ति मारुति व श्री साँवलिया सेठ मंदिर के 21 वें वर्षगाँठ महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 9 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के छठे दिन श्रद्धालु भक्ति के सागर में सराबोर नजर आए।

श्रीमद भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का जीवंत प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। कथा व्यास भागवताचार्य पं. पवन शास्त्री ने संगीतमय कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की बेहद आकर्षक और भव्य झांकी सजाई गई। इस अवसर पर भक्तों ने ठाकुरजी के साथ जमकर गरबा रास किया, जो पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहा।आयोजन में परीक्षित बने कैलाशसिंह परिहार के साथ मुख्य यजमान के.एन. कुमावत, मोहनलाल सोनी व सोनी परिवार और पुलिस कॉलोनी की समस्त मातृशक्ति ने श्रद्धाभाव से पोथी पूजन का लाभ लिया। दिवंगत द्वारकादास बैरागी की स्मृति में बैरागी परिवार द्वारा महाप्रसादी का लाभ लिया गया। कार्यक्रम में अनिल दसेडा, तालिदाना गौशाला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह गज्जू बना, जुगल सैनी, गोपाल सेठिया, सुभाष पांचाल, दादू बना, दीपक त्रिवेदी, अम्बाशंकर शिकारी, निलेश जोशी, अभय श्रीवास्तव, महेंद्र धाकड़ और रामसेवक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सायं कालीन आरती जानकीलाल (सूरत वाले) व अन्य अतिथियों द्वारा की गई। संचालन मंदिर समिति सचिव रामचंद्र पाटीदार ने किया।

**महान संतों और अतिथियों का हुआ शुभागमन:** इस मांगलिक प्रसंग पर राष्ट्रसंत नमन वैष्णव (तालिदाना गौशाला धाम), क्रांतिकारी प्रवक्ता मनोज कश्यप (शेरपुर) और भावताचार्य विनोद शर्मा (भदवासा) सहित कई प्रबुद्ध जनों का शुभागमन हुआ। सभी अतिथियों का मंदिर समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

**कल भंडारा:** मंदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जोशी ने बताया कि इस 9 दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत रविवार कथा की पूर्णाहुति होगी। वहीं, 29 जून यानी कल सोमवार को श्री साँवलिया सेठ की भव्य महाआरती और विशाल महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस पावन भंडारे में पधारकर पुण्य लाभ कमाने का भावभीना आग्रह किया है।

## एक नजर में

**जगन्नाथजी की पूजा-अर्चना, सहस्त्रधारा अभिषेक और श्रृंगार होगा, यात्रा तैयारी को लेकर हुई बैठक**

# भगवान जगन्नाथजी की भव्य रथ यात्रा 16 को निकलेगी, दो दिन होंगे कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव समिति, थावरिया बाजार की बैठक समिति के संस्थापक संयोजक मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

समिति अध्यक्ष मंगल लोढ़ा एवं सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि विगत 29 वर्षों से भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा समिति, रतलाम जिले के एकमात्र लगभग 350 वर्ष पुराने मालवी एवं राजस्थानी शिल्प की पारंपरिक मंदिर शैली से निर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन करती आ रही है।

इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 15 जुलाई 2026 (बुधवार) रात्रि 7:30 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन होगा। दिनांक 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) प्रात: 9 बजे भगवान श्री जगन्नाथजी की पूजा-अर्चना, सहस्त्रधारा अभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा, तत्पश्चात आरती होगी। दोपहर 2:30 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में घोड़े, बग्गी, ऊँट सहित श्रद्धालु अपने हाथों से भगवान श्री जगन्नाथ जी के रथ को खींचते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करेंगे। रथयात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर, थावरिया बाजार से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर प्रांगण पहुँचेगी। तत्पश्चात महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।



**यह रहे मौजूद**

बैठक में समिति के संरक्षक विश्वमोहन लोढ़ा, अपूर्व जोशी, मोहनलाल माली, कन्हैयालाल लोढ़ा, रामचन्द्र डोई, अशोक लोढ़ा, जितेन्द्र जायसवाल, कन्हैयालाल तंवर, श्याम सोनी, रमेश सौलंकी, मनोज पालरेचा, सत्यनारायण सेनी, पं.आशीष व्यास, दीपक चैरसिया, कमल सकलेचा, प्रदीप गौड़, गजेन्द्र सिंह यादव, सुनील माली, ईश्वर रजवाड़िया, संतोष पटेल (जोंटी), भरत जैन, विशाल चावड़ा, नितेश द्विवेदी, हितेश कामरेट, हितेश सौलंकी, रविन्द्र सिंह सोनगरा आदि उपस्थित थे।

# घर के बाहर युवक से मारपीट, 4 पर केस

**रतलाम।** माणकचौक थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी सोनू पिता रामेश्वर राठौर (23) निवासी विनोबा स्कूल के सामने, नयापुरा ने शिकायत दर्ज कराई कि 26 जून की रात करीब 11 बजे उसके घर के सामने आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर माणकचौक थाना पुलिस ने सुरेश राठौर, गजेन्द्र राठौर, अशोक राठौर तथा पेपाबाई, सभी निवासी विनोबा स्कूल के सामने, रतलाम के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।